## महत्वपूर्ण एवं खास

### कक्षा 10 वीं अंग्रेजी विषय की परीक्षा संपन्न

**12,497 परीक्षार्थी में 496 अनुपस्थित रहे**

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा-2025 कक्षा 10 वीं बोर्ड परीक्षा के तहत 5 मार्च को अंग्रेजी (द्वितीय भाषा)विषय की परीक्षा संपन्न हुई। जिसमें 12 हजार 497 परीक्षार्थी संख्या दर्ज की गई थी। जिसमें से 12 हजार 001 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिलाई। 496 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिले में कहीं भी नकल प्रकरण दर्ज नहीं किया गया है। परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।

### पटवारी पर 60 हजार रिश्वत मांगने का आरोप

**बिलासपुर-रायपुर (आरएनएस)।** रतनपुर क्षेत्र के ग्राम पचरा में पटवारी पर 60 हजार रुपये रिश्वत मांगने का आरोप लगा है. ग्रामीण से पट्टे की भूमि का ऑनलाइन रिकॉर्ड दर्ज करने और ऋण पुस्तिका जारी करने के एवज में रिश्वत मांगी गई थी. ग्रामीण ने 30 हजार रुपये दे भी दिए, लेकिन जब रिकॉर्ड दुरुस्त नहीं हुआ, तो वह परेशान होकर मामले की शिकायत कोटा एसडीएम से की है. इस बीच पटवारी का रिश्वत लेते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है. अधिकारी मामले की जांच के बाद कार्रवाई की बात कह रहे हैं. रतनपुर तहसील के ग्राम पचरा निवासी केवल दास मानिकपुरी के पिता स्व. दुलमदास को 1984-85 में सरकारी पट्टा मिला था. जमीन का ऑनलाइन रिकॉर्ड अपडेट कराने के लिए पटवारी अनिकेत साव ने पहले तो ?60,000 की डिमांड रखी. बाद में 26 दिसंबर 2024 को पटवारी ने अपने घर पर ?30,000 नगद ले लिया. आरोप है कि केवल दास ने पटवारी को 30 हजार रिश्वत लेते हुए वीडियो भी बना लिया था।

### सेक्स सीडीकांड : भूपेश बघेल आरोपों से हुए बरी

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को बहुचर्चित सेक्स सीडी कांड में सीबीआई की विशेष अदालत ने बरी कर दिया है। यह मामला 2017 का है, जिसमें एक कथित सेक्स सीडी में भाजपा सरकार के एक मंत्री के शामिल होने का आरोप लगाया गया था। बघेल पर इस सीडी को फैलाने का आरोप था। सीबीआई कोर्ट ने मंगलवार को बघेल को सभी आरोपों से मुक्त कर दिया, यह कहते हुए कि उनके खिलाफ पर्याप्त सबूत नहीं हैं। बघेल ने इस फैसले पर 'सत्यमेव जयते' कहकर प्रतिक्रिया दी। यह मामला उस समय सुर्खियों में आया था जब एक कथित अश्लील वीडियो सामने आया, जिसमें तत्कालीन भाजपा सरकार के एक मंत्री शामिल थे। इस सीडी के सामने आने के बाद राज्य की राजनीति में भूचाल आ गया था।

### महिला पंचों की जगह उनके पतियों को दिलाया शपथ, ग्राम पंचायत सचिव निलंबित

**कवर्धा-रायपुर (आरएनएस)।** जनपद पंचायत पंडरिया के ग्राम पंचायत परसवारा में नवनिर्वाचित पंच प्रतिनिधियों के प्रथम सम्मेलन में महिला पंचों की अनुपस्थिति में उनके पतियों को नियम विरुद्ध पंच पद का शपथ दिलाने का मामला सामने आया जिसके बाद मामले में संज्ञान लेते हुए जिला पंचायत सीईओ अजय कुमार त्रिपाठी ने ग्राम पंचायत परसवारा के सचिव प्रणीवर सिंह ठाकुर को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है. अनुसार ग्राम पंचायत परसवारा में 3 मार्च को नवनिर्वाचित पंचों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया था. इसमें सचिव ने अपने पदीय दायित्वों के निर्वहन में गंभीर लापरवाही बरती. इस संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पंडरिया ने प्रथम दृष्टियां सचिव को दोषी मानते हुए अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए प्रतिवेदन प्रस्तुत किया था.

### महिला शिक्षिका के साथ उसी के घर में किया दुष्कर्म

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के आरंग में शिक्षिका के साथ दुष्कर्म की शर्मनाक घटना सामने आई है. अज्ञात बदमाश ने देर रात घर घुसकर घटना को अंजाम दिया. शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है. घटना के बाद आरोपी फरार हो गया है. मामला आरंग थाना क्षेत्र का है. जानकारी के मुताबिक, 2 फरवरी की रात शिक्षिका घर में अकेली थी. वह खाना खाने के बाद सोने की तैयारी कर रही थी. इसी दौरान अज्ञात बदमाश अचानक घर में घुस आया और पीड़िता से मारपीट करते हुए दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया. इसके बाद आरोपी फरार हो गया. पीड़िता ने इसकी सूचना आरंग पुलिस को दी. आरंग पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर अज्ञात आरोपी की तलाश में जुट गई है।

# बिजली कंपनी को 45 सौ करोड़ का घाटा, छत्तीसगढ़ के उपभोक्ताओं को लग सकता है झटका

**रायपुर। आरएनएस**

प्रदेशभर के 65 लाख बिजली उपभोक्ताओं को महंगी बिजली का झटका देने की तैयारी है। राज्य पावर कंपनी ने बिजली नियामक आयोग में नए सत्र के लिए लगाई गई याचिका में 45 सौ करोड़ का घाटा बताया है।

उसे पूरा करने के लिए नया टैरिफ लागू करने की सिफारिश की है। पावर कंपनी का पूरा लेखा-जोखा देखने और जनसुनवाई के बाद ही यह तय किया जाएगा कि वास्तव में घाटे से उबारने के लिए बिजली की दरें बढ़ाई जाए या नहीं। बिजली कंपनी के अधिकारियों के मुताबिक, फिलहाल जनसुनवाई की तारीख तय नहीं की गई है। मगर, मार्च के अंत तक तय होने की पूरी संभावना है।

उसके बाद ही नया टैरिफ तय होगा। कंपनी हर साल दिसंबर में नियामक आयोग को नए टैरिफ के लिए प्रस्ताव भेजती है। इसमें आमतौर पर पावर कंपनी अपनी तरफ से बिजली का टैरिफ कितना बढ़ाना है, इसका कभी भी प्रस्ताव नहीं भेजती है।

केवल अपना लेखा-जोखा ही भेजती है। इसको देखने के बाद नियामक आयोग तय करता है कि वास्तव में कंपनी को कितने पैसों को जरूरत है और वास्तव में उसका खर्च कितना होगा। इसके बाद जो कमी रहती है, उसके हिसाब से टैरिफ में इजाफा होता है।

पावर कंपनी ने पिछले साल जून में 2024-25 सत्र का टैरिफ तय किया था। पावर कंपनी ने बीते साल भी नए सत्र में फायदा और पुराना अंतर बताया था। इसे आयोग ने तय किया। इसी के साथ प्रदेश सरकार ने एक हजार करोड़ अपनी तरफ से दिए थे, ऐसे में उपभोक्ताओं को कम झटका लगा।

इस सत्र में लगभग हर वर्ग की बिजली 20 से 25 पैसे यूनिट बढ़ी है। नए सत्र के लिए भी करीब-करीब फिर वैसी ही स्थिति बन रही है। ऐसे में संभावना है कि 10 से 20 पैसे प्रति यूनिट बिजली महंगी हो सकती है। अगर प्रदेश सरकार की ओर से मदद मिलती है, तो इस बार भी मामूली वृद्धि हो सकती है।

### ऐसे समझें आंकड़ा

कंपनी ने 2025-26 के लिए जो प्रस्ताव आयोग को भेजा है, उसमें बताया है कि इस सत्र में कंपनी 24,652 करोड़ की बिजली बेचेगी। इसके मुकाबले में कंपनी का खर्च 23,082 करोड़ होगा। ऐसे में कंपनी को 1,570 करोड़ का लाभ होगा।

मगर, 2023-24 में कंपनी को अनुमान से 6130 करोड़ कम पड़े। ऐसे में इस अंतर की राशि में 1,570 करोड़ को घटाने के बाद भी 4,560 करोड़ का अंतर आ रहा है। इस अंतर के लिए ही टैरिफ बढ़ाने की मांग की गई है।

# आईएएस बने अफसरों को हुआ बैच आबंटन

**रायपुर। आरएनएस**

राज्य प्रशासनिक सेवा से भारतीय प्रशासनिक सेवा में पदोन्नत हुए अधिकारियों को उनके बैच का आवंटन कर दिया गया है. केंद्र सरकार के आदेशानुसार 2021 से 2023 की चयन सूची में शामिल अधिकारियों की वरिष्ठता और बैच निर्धारण किया गया है. इस संबंध में जारी किये गए आदेश के अनुसार कुल 10 अधिकारी हीना अनिमेष नेताम, अश्विनी देवांगन, डॉ. रेणुका श्रीवास्तव, आशुतोष पांडे, अजय कुमार अग्रवाल, रीता यादव, लोकेश कुमार, प्रकाश कुमार, गजेन्द्र सिंह ठाकुर और तनुजा सलाम का नाम शामिल है.2021 चयन सूची में हीना अनिमेष नेताम को 2016 बैच और अश्विनी देवांगन को 2018 बैच मिला. 2022 चयन सूची में डॉ. रेणुका श्रीवास्तव और आशुतोष पांडे को 2019 बैच में स्थान दिया गया. 2023 चयन सूची में अजय कुमार अग्रवाल, रीता यादव, लोकेश कुमार, प्रकाश कुमार, गजेन्द्र सिंह ठाकुर और तनुजा सलाम को 2019 बैच में शामिल किया गया. इस बैच आवंटन के लिए (वरिष्ठता विनियमन) नियम, 1987 के तहत वेटेज फॉर्मूला लागू किया गया है, जिससे अधिकारियों को उनके तत्काल वरिष्ठों के अनुसार उचित स्थान दिया गया है.

# जनपदों में अध्यक्ष/उपाध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया सम्पन्न

### ❐ जिला पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का निर्वाचन 6 मार्च को

**रायगढ़**

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में आज जिले के सभी जनपदों में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का निर्वाचन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। जिसके अंतर्गत जनपद पंचायत रायगढ़ में जनपद अध्यक्ष-श्रीमती सुजाता चौहान एवं उपाध्यक्ष-श्री रामश्याम डनसेना निर्वाचित हुए। इसी तरह जनपद पंचायत पुसौर में अध्यक्ष-श्रीमती हेमलता हरिशंकर चौहान एवं उपाध्यक्ष-श्रीमती खीरमति हेमप्रसाद चौहान, जनपद पंचायत घरघोड़ा में अध्यक्ष-श्री सहनू पैंकरा एवं उपाध्यक्ष-श्री संजय अग्रवाल, जनपद पंचायत धरमजयगढ़ में अध्यक्ष-श्रीमती लीनव राठिया एवं उपाध्यक्ष-श्री शिशु शशि, जनपद पंचायत लैलूंगा में अध्यक्ष-ज्योति भगत एवं उपाध्यक्ष-श्री मनोज कुमार अग्रवाल, जनपद पंचायत तमनार में अध्यक्ष-श्री जगेश्वर सिदार एवं उपाध्यक्ष-श्रीमती गायत्री शत्रुघन बेहरा एवं जनपद पंचायत खरसिया में अध्यक्ष-श्रीमती रामकुमारी राठिया एवं उपाध्यक्ष-डॉ.हितेश गबेल निर्वाचित हुए।

### जिला पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का निर्वाचन 6 मार्च को

जिला पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का निर्वाचन 6 मार्च को प्रात: 10 बजे से जिला पंचायत रायगढ़ के सभाकक्ष में होगा।

### ईएलओ योजना के क्रियान्वयन हेतु इटर्नशिप के रिक्त पदों पर 10 मार्च तक मंगाए गए आवेदन

**रायगढ़।** अधीक्षक डाकघर रायगढ़ संभाग रायगढ़ में माय भारत पोर्टल के तहत Experiential Learning Opportunity (ELO) योजना का क्रियान्वयन हेतु इंटर्नशिप की 2 रिक्तियों के लिये पोर्टल के माध्यम से आवेदन मंगाए है। वे आवेदक जिनकी शैक्षणिक योग्यता किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयीन पाठ्यक्रम के तहत कम से कम एक वर्ष का अध्ययन पूर्ण हो चुका हो वे आवेदन कर सकते है। चयनित आवेदकों को 45 दिन की इंटर्नशिप के पश्चात 5 हजार रुपये प्रतिमाह स्टायपेंड का भुगतान किया जाएगा। इच्छुक आवेदक माय भारत पोर्टल में 10 मार्च 2025 तक आवेदन कर सकते है। विस्तृत जानकारी अधीक्षक डाकघर रायगढ़ संभाग रायगढ़ तथा जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कार्यालय रायगढ़ से प्राप्त कर सकते है।

# चोरी की स्कूटी के साथ युवक गिरफ्तार

### ❐ कोतवाली पुलिस की कार्रवाई

**रायगढ़**

कोतवाली पुलिस ने बाइक चोरी में सफलता हासिल करते हुए पुरानी हटरी से चोरी हुई स्कूटी बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने 20 वर्षीय दीपक कर्ष, निवासी चांदमारी रायगढ़ को चोरी की होण्डा एक्टिवा स्कूटी (वाहन क्रमांक CG 13 AJ 9762) के साथ पकड़ा है। इस स्कूटी की चोरी की रिपोर्ट 12 जनवरी को पुरानी हटरी निवासी संदीप अग्रवाल ने कोतवाली थाने में दर्ज कराई थी, जिसके आधार पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 23/2025 धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक सुखनंदन पटेल को मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक बड़े रामपुर फव्वारा चौक के पास स्कूटी बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम को मौके पर भेजा गया, जहां संदेह के आधार पर स्कूटी बेचने लोगों से चर्चा करने वाले दीपक कर्ष से पूछताछ की गई। जब उससे स्कूटी के दस्तावेज मांगे गए, तो वह कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। सख्ती से पूछताछ करने पर उसने स्वीकार किया कि उक्त स्कूटी जनवरी माह में चोरी की थी और उसे छिपाकर रखा था। पुलिस ने तत्काल स्कूटी जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

चोरी की स्कूटी की अनुमानित कीमत करीब 20,000 रुपये बताई जा रही है। आरोपी दीपक कर्ष को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेज दिया गया है। इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी सुखनंदन पटेल के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक हेमन पात्रे, आरक्षक भगवती रत्नाकर, रोशन एक्का, गोविंद पटेल और साइबर सेल की टीम की अहम भूमिका रही।

# विडियो वायरल करने की धमकी देकर वसूली करने वाले गिरोह का एक आरोपी बिहार से गिरफ्तार : म्यूल खाता धारक आरोपी की पहचान कर की गई कार्यवाई

**बलौदाबाजार। आरएनएस**

व्हाट्सएप कॉल कर न्यूड वीडियो वायरल करने एवं पुलिस केस में फ सा देने की धमकी देकर लोगों से लाखों रुपए वसूलने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी द्वारा विभिन्न म्यूल खाता धारकों के माध्यम से प्रकरण में ठगी की रकम का आहरण किया गया था। पुलिस टीम द्वारा आरोपी को पूर्णिया बिहार से लिया गया। आरोपियों द्वारा के प्रार्थी को अपने झांसे में लेकर एवं भयभीत कर 6,83,000 रकम की ठगी की गई थी।

मिली जानकारी के अनुसार एक प्रार्थी द्वारा थाना सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 16.01.2025 को रात्रि 09:00 बजे उसके मोबाइल नंबर पर एक अनजान लडक़ी द्वारा व्हाट्सएप कॉल किया गया, फिर उस लडकी द्वारा कहा गया कि तुमने मेरे साथ अश्लील हरकत किया है तुम्हारा वीडियो मेरे पास है अगर तुमने मुझे पैसा नहीं दिया तो न्यूड फ ोटो वीडियो को सोशल मीडिया में वायरल कर दूंगी कहा गया। इसके थोड़ी देर बाद दो अनजान व्यक्तियों द्वारा स्वयं को पुलिस वाला बताकर अलग अलग मोबाइल नंबर से प्रार्थी को कॉल करके लडक़ी के साथ अश्लील हरकत किए हो, तुम्हारे खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज है कहके रुपए की मांग किया गया। उनकी बातों से डर कर प्रार्थी द्वारा कुल 6,83,000 आरोपियों को दे दिया गया। रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवालीमें धारा 318(4),308(2),308(6),319(2),351 (4) बीएनएस एवं 66 आईटी एक्ट का अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की जांच एवं विवेचना क्रम में यह पाया गया की प्रार्थी द्वारा दी गई रकम को विभिन्न बैंक खातों के माध्यम से ट्रांसफर कर आहरण किया गया है। की प्रकरण की विवेचना क्रम थाना सिटी कोतवाली पुलिस टीम द्वारा एक आरोपी अजय मंडल को पूर्णिया बिहार से गिरफ्तार किया गया, जिससे विस्तृत पूछताछ पर यह पता चला कि आरोपी 12वीं तक पढ़ा लिखा है तथा पूर्व में गिरफ्तार आरोपी शशि कुमार उर्फ आर्यन के साथ स्कूल के समय में पढ़ाई किया है। शशि कुमार एवं आरोपी अजय मंडल ऑनलाइन बैंक खाता खोलने का काम करते हैं। आरोपी एवं शशि कुमार द्वारा केनरा बैंक, बंधन बैंक, आईडीबीआई बैंक, उत्कर्ष स्मॉल फ इनेंस बैंक में ऑनलाइन के माध्यम से खाता खुलवाया गया है। उसका संचालन आरोपी और शशि कुमार दोनों करते हैं। ऑनलाइन वीडियो कॉल के माध्यम से लोगों को अश्लील बात कर, उत्तेजित करते हुए कॉलर का निर्वस्त्र वीडियो बना लेते थे एवं बाद में कॉलर को वीडियो वायरल करने एवं रिपोर्ट करने की धमकी देकर पैसे की मांग करते थे। उक्त पैसे को खुलवाए गए खाते में पैसे डालने के लिए अकाउंट नंबर देते थे। आरोपियों से जुडक़र जिन लोगों ने खाता खुलवाया है उन्हें आरोपी खाता खुलवाने का 5000-5000 देते हैं। इस प्रकार आरोपी द्वारा अन्य आरोपी के साथ मिलकर भयादोहन कर लाखों रुपए वसूलने का एक बड़ा रैकेट चलाया जा रहा था। प्रकरण में आरोपी अजय मंडल उम्र 24 वर्ष निवासी सुदीन चौक टकमाटोली पुलिस चौकी सुदीन थाना मरेंगा जिला पूर्णिया बिहार को आज दिनांक 05.03.2025 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

# डेंगू के लक्षण एवं बचाव के संबंध में स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाईजरी

**रायगढ़**

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत डेंगू बीमारी के रोकथाम एवं बचाव हेतु जिले के समस्त विकासखण्डों एवं शहरी क्षेत्रों हेतु दिशा निर्देश जारी किये गये है। जिसमें बताया गया है कि डेंगू बीमारी एडीज एजिप्टी मच्छर के काटने से फैलता है।

डेंगू के लक्षण-अचानक तेज सिरदर्द व तेज बुखार, मांसपेशियों एवं जोड़ों में दर्द होना, आँखों के पीछे में दर्द होना, जी मिचलाना एवं उल्टी होना, गंभीर मामलों में नाक व मुंह से खुन आना, त्वचा पर चकत्ते उभरना आदि है।

बचाव के उपाय-डेंगू मच्छर से बचने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने घर के आस-पास साफ-सफाई रखना चाहिए, नालीयों में जला हुआ मोबिल, मिट्टी तेल का छिड़काव करें। हमेशा फुल आस्तीन के वस्त्र पहनना चाहिए, रात को सोते समय मच्छर दानी का प्रयोग करना चाहिए, कुलर में स्थिर पड़े हुए पानी का निस्कासन, टायर, नारियल खोल इत्यादि में ठहरे हुए पानी को खाली करना चाहिए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अनिल कुमार जगत ने जनसामान्य से अपील करते हुए कहा है कि डेंगू के लक्षण पाये जाने पर तत्काल डेंगू जांच अवश्य कराये। डेंगू की बीमारी से घबराए नहीं तथा डेंगू रेपीड डायग्नोस्टिक टेस्ट कीट से जांच होने के उपरान्त इलाज करायें व लखीराम अग्रवाल स्मृति मेडिकल कॉलेज में एलाइजारीडर मशीन में जांच परिणाम धनात्मक आने पर शासन द्वारा पुष्टि की जाएगी।

# मास्टर्स लीग : रायपुर क्रिकेट स्टेडियम में भारत से भिड़ेगा वेस्टइंडीज

**रायपुर। आरएनएस**

इंटरनेशनल मास्टर्स लीग का आगाज हो चुका है. इस बार छह देशों की टीमें हिस्सा ले रही हैं. इस लीग का 12वां मैच भारत और वेस्टइंडीज के बीच रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा. इस लीग में मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर, युवराज सिंह, पठान ब्रदर्स के साथ-साथ वेस्टइंडीज के दिग्गज ब्रायन लारा भी एक बार फिर से मैदान में उतरेंगे और चौके-छक्कों की बौछार करेंगे. रायपुर में कुल छह रोमांचक मुकाबले खेले जाएंगे. जिसमें दो सेमीफाइनल और फाइनल मैच भी होंगे. ये मैच दर्शकों के लिए खास होंगे, क्योंकि उन्हें स्टेडियम में लाइव देखने का मौका मिलेग. मैच की तैयारियां जोरों पर हैं, और आनलाइन टिकट बुकिंग भी शुरू हो चुकी है. बता दें कि लीग के मैचों के लिए मुंबई, लखनऊ और रायपुर के स्टेडियम का चयन किया गया है. लीग मैचों में अब तक भारत ने शानदार प्रदर्शन दिखाया है. ऐसे में संभावना है कि इंडिया फाइनल में पहुंच सकती है. क्रिकेट प्रेमियों के लिए यह एक खुशी की खबर है कि फाइनल मैच रायपुर में आयोजित होगा. सात मार्च को खिलाड़ी रायपुर पहुंचेंगे और इसके बाद अभ्यास करेंगे. मैच 7:30 बजे से शुरू होगा. टिकटों की बिक्री पहले दिन क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ियों को देखने के लिए लोगों ने टिकट खरीदने शुरू कर दिए हैं.

स्टेडियम में सबसे सस्ती टिकट 500 रुपये की है. इसके लिए दो ब्लाक विशेष रूप से निर्धारित किए गए हैं. वहीं लोअर टिकट की कीमत 1000 रुपये, गोल्ड 6000 रुपये, प्लेटिनियम 8000 रुपये और कापरिट बाक्स टिकट 10,000 रुपये रखी गई है. केवल इंडिया और वेस्टइंडीज के बीच होने वाले मैच की टिकट भी काफी महंगी है. बाकी मैचों की टिकट की शुरुआत 100 रुपये से हो रही है. जो कि काफी सस्ती मानी जा रही है.

# मौसम का बदलता मिजाज, होने वाली है गर्मी की शुरुआत!

### ❐ छाए रहेंगे बादल

**रायपुर। आरएनएस**

छत्तीसगढ़ में एक बार फिर मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से उत्तर दिशा से ठंडी हवाएं प्रदेश में प्रवेश कर सकती हैं, जिससे तापमान में मामूली गिरावट आने की संभावना है।

हालांकि, मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में मौसम शुष्क बना रहेगा और फिलहाल बारिश की कोई संभावना नहीं है।

### तापमान में हल्की गिरावट

मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान है कि प्रदेश में अगले 48 घंटों के दौरान अधिकतम तापमान स्थिर रहेगा, लेकिन 5 मार्च के बाद इसमें 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट हो सकती है। बस्तर संभाग में यह प्रभाव 6 मार्च तक बने रहने की उम्मीद है, जिससे सुबह और रात के समय हल्की ठंड महसूस की जा सकती है।

### सबसे गर्म और सबसे ठंडा

बीते 24 घंटों में प्रदेश का सबसे गर्म स्थान राजनांदगांव रहा, जहां अधिकतम तापमान 37.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, सबसे ठंडा स्थान अंबिकापुर* रहा, जहां न्यूनतम तापमान 15.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### रायपुर में कैसा रहेगा मौसम?

राजधानी रायपुर में 4 मार्च को आसमान साफ रहेगा। दिन में अधिकतम तापमान 36 डिग्री और रात में न्यूनतम तापमान 21 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है।

संभागवार तापमान का हाल बस्तर संभाग- अधिकतम 33-35°C, न्यूनतम- 17-19°C दुर्ग संभाग- अधिकतम 36-38°C, न्यूनतम- 20-22°C रायपुर संभाग- अधिकतम 35-37°C, न्यूनतम- 20-22°C बिलासपुर संभाग- अधिकतम 34-36°C, न्यूनतम- 18-20°C सरगुजा संभाग- अधिकतम 30-32°C, न्यूनतम- 15-17°C

### मौसम विभाग की सलाह

मौसम विभाग ने नागरिकों को दिन में तेज धूप से बचने और पर्याप्त पानी पीने की सलाह दी है। वहीं, सुबह और रात के समय हल्की ठंड महसूस हो सकती है, इसलिए सतर्कता बरतना जरूरी है। आने वाले दिनों में तापमान में और बदलाव हो सकता है, इसलिए मौसम की जानकारी लेते रहें।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480